कक्षाओं में छात्रों की कम उपस्थिति पर कुलपति नाराज

जागरण संवाददाता, देहरादून : वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विवि (यूटीयू) के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने विवि से संबद्ध इंजीनियरिंग कालेजों में छात्रों की कम उपस्थिति पर नाराजगी जताई। उन्होंने संस्थानों को निर्देशित किया कि छात्रों की उपस्थिति नियमित करें और कम से कम 75 प्रतिशत उपस्थिति के मानक का अनिवार्य रूप से पालन करें। संस्थान निरीक्षण के दौरान छात्र-छात्राओं की नियमित दैनिक उपस्थिति का वास्तविक विवरण भी नहीं दे पाए।

सोमवार को कुलपति ने रुड़की स्थित रामानंद इंस्टीट्यूट आफ फार्मेसी एंड मैनेजमेंट, ओम बायो साइंस एंड फार्मेसी कालेज और स्वामी दर्शनानंदा इंस्टीट्यूट आफ मैनजमेंट एंड टेक्नोलाजी का औचक निरीक्षण किया। कुलपति ने सबसे पहले छात्रों की कक्षाओं में उपस्थिति पंजिका देखी। उन्होंने संस्थानों के निदेशकों को कहा कि वह सभी पाठ्यक्रमों में शत प्रतिशत सिलेबस को परीक्षा से पूर्व पूरा करवाएं। कुलपति ने निरीक्षण के दौरान पाई गई अव्यवस्थाओं पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संस्थानों में शैक्षणिक माहौल में समय रहते सुधार लाने के निर्देश दिए। अन्यथा विवि को सख्त कदम उठाने पड़ेंगे। उन्होंने निर्देशित किया कि कक्षाओं में शिक्षक छात्र-छात्राओं को पढ़ाए जा रहे विषयों को समय-समय पर फीडबैक भी लें, ताकि छात्रों की समझ के बारे में सही आकलन हो सके।

UJVNL
यूजेवीएन लिमिटेड
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
मुख्यालय: "उज्ज्वल" महारानीबाग, जी.एम.एस. रोड, देहरादून-248006
दूरभाष: 0135-2763508, 2763808
सी०आई०एन० सं०: U40101UR2001SGC025866
वेबसाइट: www.ujvnl.com
पत्रांक: 951
ई-प्रोक्योरमेंट नोटिस
दिनांक: 26.12.2022
सं0 952
अपरिहार्य कारणों से